11/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। सम्मेलन के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने मादक पदार्थ निपटान पखवाड़ा, सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में मानस- 2 हेलपलाइन का विस्तार और नारकोटिक्स कन्ट्रॉल ब्यूरो की भोपाल क्षेत्रीय इकाई के नए कार्यालय परिसर का उद्घाटन किया। मादक पदार्थ निपटान पखवाड़ा अभीयान आज से शुरू होकर इस महिने की 25 तारीख तक जारी रहेगा। इस दौरान दो हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के चौवालीस हजार किलोग्राम से अधिक जब्त मादक पदार्थों का निपटान किया जायेगा।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल वेस्ट सियांग जिले के आलो स्थित पाया गांव में गालो वेलफेयर सोसाइटी के तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह के उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए कही कि, चीन द्वारा तिब्बत में दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की खबरों के बाद अपर सियांग जिले में सियांग नदी पर सियांग मल्टिपर्पस प्रोजेक्ट का महत्व कई गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सिर्फ़ हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना नहीं बल्कि राष्ट्रीय महत्व की बहुउद्देशीय परियोजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 7-8 वर्षों में राज्य के राजस्व सृजन में काफी वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार जन केंद्रित परियोजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित

करने में सक्षम हुई है। संसाधन सृजन के लिए राज्य की प्राकृतिक क्षमता का उपयोग करने की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री खांडू ने कहा कि जितना अधिक राजस्व उत्पन्न होगा, उतना ही अधिक विकास होगा। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि विकास और आधुनिकता के सामने राज्य के स्वदेशी समुदायों की सांस्कृतिक पहचान धुंधली नहीं पड़ना चाहिए।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान - नीमास की एक टीम द्वारा इस महीने की 14 तारीख को राज्य के गेलिंग से ब्रह्मपुत्र नदी पर 916 किलोमीटर की राफ्टिंग यात्रा शुरू होगी जिसका समापन आगामी 14 फरवरी को असम के धुबरी-हाटसिंगमारी में होगा। राज्य के 7 सदस्यों वाली इस टीम का नेतृत्व नीमास के निदेशक कर्नल रणवीर सिंह जामवाल और कैप्टन कविता वासुपल्ली करेंगे। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उनकी सुरक्षित और सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

0000000000000000000000

तवांग जिले के लुंगला सब-डिवीजन में आज सामूहिक नशा जागरूकता रैली-सह-अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अभियान का आयोजन एनजीओ धाग्पा मिरर, सब-डिवीजनल एडमिनिस्ट्रेशन एवं जिला स्वास्थ्य सोसायटी, तवांग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर, विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने अपने-अपने संस्थानों से त्सोना गोंत्से रिनपोछे एम्फीथिएटर तक जागरूकता रैलियां भी निकालीं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के राज्य समन्वयक बेंडांग इमसोंग ने नशा मुक्त भारत अभियान को संबोधित किया। उन्होंने मादक पदार्थों की मांग को कम करने के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को नशा मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई।

0000000000000000000000

भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सद्भावना' और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग और तवांग जिलों के 22 बुजुर्ग ग्रामीणों के लिए आध्यात्मिक यात्रा को शुक्रवार को हरी झंडी दिखाई गई। यह समूह विश्व बौद्ध केंद्र, राष्ट्रपति भवन, दलाई लामा मंदिर और महाबोधि मंदिर का दौरा करेंगे। इस पहल का उद्देश्य सांस्कृतिक संरक्षण, आध्यात्मिक ज्ञान और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के सांस्कृतिक और धार्मिक उत्सवों की एक श्रृंखला का आयोजन राज्य और राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में होने जा रही है। इसी के तहत मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में सभी को इस महीने की 12 से 16 तारीख तक लोहित जिले के तेलु शाती/ताएलुंग क्षेत्र में परशुराम कुंड मेला, 9 से 11 फरवरी तक नामसाई में भारत लोक संगीत महोत्सव और 28 फरवरी से 2 मार्च तक नई

दिल्ली में अरुणाचल जीआई महोत्सव 2025 में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया हैं।

00000000000000000000000

आनिनी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) और 12वीं एनडीआरएफ दोईमुख द्वारा संयुक्त रूप से, दिबांग वैली जिले के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनिनी में आज से 12 दिवसीय फेमेक्स कार्यक्रम शुरू हुआ जिसके अंतरगत स्कूल सुरक्षा एवं सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। यह कार्येक्रम इस महीने की 22 तारीख तक जारी रहेगा। कर्येक्रम में 12वीं एनडीआरएफ इंस्पेक्टर दोले ने छात्रों को सुरक्षा उपायों के साथ ही सीपीआर तकनीक लागू करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों और जनता से सक्रिय रूप से भाग लेने और प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाने का आह्वान किया।

00000000000000000000000

कल असम में दस महीने के एक बच्चे में ह्यूमन मेटा - न्यूमो वायरस HMPV पाया गया हैं। बच्चे का डिब्रूगढ में असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर हैं। मेडिकल कॉलेज के सुप्रिन्टेंडेट डॉ. ध्रुबज्योती भुयान ने कहा कि बच्चे को चार दिन पहले सर्दी से संबंधित लक्षणों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था और जाँच के दौरान वायरस का पता चला। डॉ. भुयान ने कहा कि यह एक सामान्य वायरस है और इससे घबराने की कोई बात नही हैं।

0000000000000000000000

असम में बचाव दल ने आज दीमा हसाओ जिले के उमरांगसो में बाढग्रस्त कोयला खदान से तीन शव निकाले। पाँच लापता श्रमिकों कि तलाश अभी जारी हैं।

0000000000000000000000

और भारतीय मौसम **विज्ञान विभाग - आईएमडी ने अनुमान लगाया है कि, कल तक उप हिमालयी, पश्चिम बंगाल, सिक्किम सहित पूर्वोत्तर, बिहार और ओडिशा में घना कोहरा छाए रहने की संभावना हैं।**

0000000000000000000000